एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

। बरेली ।

शनिवार, 1 अगस्त 2026, वर्ष 7,

PAGE NO : 06 MIDDLE

# गुडलाइफ बना रोबोटिक नी ट्रांसप्लांट सेंटर



महिला का नी ट्रांसप्लांट करते डॉ. ध्रुव गोयल और उनकी टीम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रोबोट की मदद से घुटना प्रत्यारोपण होने के साथ एसआरएमएस गुडलाइफ हास्पिटल शुक्रवार को रुहेलखंड और कुमायूं रीजन का पहला फुली आटोमेटेड रोबोटिक नी ट्रांसप्लांट सेंटर बन गया। यह उपलब्धि आर्थोपैडिक सर्जन डा.ध्रुव गोयल ने एसआरएमएस गुडलाइफ के नाम की। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने इसे बड़ी सफलता बताया।

● **डॉ. ध्रुव गोयल ने किया 70 वर्षीय महिला का घुटना प्रत्यारोपण**

डा.ध्रुव गोयल ने बताया कि शुक्रवार को बरेली निवासी 70 वर्ष की महिला के दोनों घुटनों का फुली आटोमेटेड ट्रांसप्लांट किया। अभी तक घुटनों का प्रत्यारोपण पारंपरिक विधि से किया जाता था। जिसमें काफी समय लगने के साथ ही रिकवरी में भी काफी दिन लगते थे। अत्याधुनिक फुली आटोमेटेड रोबोटिक नी ट्रांसप्लांट तकनीकी से मरीज को दिक्कत बेहद कम होती है और घुटनों की लाइफ बढ़ने के साथ ही मरीज के पैर भी सीधे रहते हैं। इससे कम रक्तस्राव, तेज रिकवरी, जल्द सामान्य जीवन, कम दवाई का सेवन जैसे लाभ मरीज मिलते हैं।